दनांकः 17.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाषाएं केवल बातचीत का माध्यम नहीं बल्कि सभ्यता और संस्कृति की आत्मा भी है। आज नई दिल्ली में **अभिधम्म दिवस** समारोह और पाली को शास्त्रीय भाषा की मान्यता देने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है इसलिए इस वर्ष का अभिधम्म दिवस ऐतिहासिक है। श्री मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने भगवान बुद्ध के धम्म से ज्ञान अर्जित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की बुद्ध में आस्था पूरी मानवता की सेवा का मार्ग है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध के अनुयायियों को शुभकामनाएं दीं।

..................

प्रधानमंत्री आज चंडीगढ़ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय विकास के मुद्दों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर संविधान का अमृत महोत्सव के आयोजन पर भी चर्चा होगी।

..................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा है कि कॉर्पोरेट जगत सामाजिक दायित्व समझते हुए देश के सतत विकास के संवाहक बनें। श्री बागड़े आज नई दिल्ली में आयोजित **"इण्डिया सीएसआर एण्ड ईएसजी समिट** को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि **"विकसित भारत 2047"** का लक्ष्य देश को आर्थिक महाशक्ति बनाना और सामाजिक रूप में भी सशक्त करते हुए सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने औद्योगिक संगठनों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र से, सीएसआर के तहत प्राकृतिक खेती में भी सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को देशी बीज, जैविक खेती और कम पानी में अधिक

पैदावार के लिए प्रशिक्षण देने के काम भी सीएसआर के तहत किया जाए।

..................

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज डीग में कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के नगर विधानसभा क्षेत्र के 15 गांवों में 34 किलोमीटर लम्बी सड़कों के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। श्री बेढम ने बताया कि नगर और सीकरी कस्बे में सड़क निर्माण के लिए एक–एक करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही बेढम प्याऊ से लेकर जटेरी धाम तक 15 करोड़ की राशि खर्च कर सड़क निर्माण करवाया जाएगा। पसोपा गांव में बालिका विद्यालय बनवाने के लिए 50 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में 20 करोड रुपए की लागत से कक्षा कक्षों का निर्माण भी करवाया जाएगा। इसके अलावा बेरू और खोह–गुहाना गांव में खेल स्टेडियम बनाए जाएंगे।

..................

दौसा में पुलिस ने आज एक कार से छह करोड़ रुपये की अवैध राशि जब्त की है। इसमें चार करोड़ के दो चैक और दो करोड़ रुपये की नकदी शामिल है। विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई है। पुलिस ने सीजर कार्रवाई की सूचना तत्काल आयकर विभाग को दी। इसके बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर चैक और नकदी बरामद की।

..................

देशभर में आज वाल्मीकि जयंती मनाई जा रही है। इसे रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मींक के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। महर्षि वाल्मीकि आदि कवि और संस्कृत भाषा के प्रथम कवि के रूप में भी सम्मानित हैं। वाल्मीकि सम्प्रदाय के सदस्य उन्हें ईश्वर का संदेशवाहक मानते हैं और उनके प्रकट दिवस को श्रद्धापूर्वक मनाते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में सभी ने कहा कि आदि कवि वाल्मीकि की रचना महाकाव्य रामायण, आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेगी।

इधर, प्रदेश में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में 'प्रगति दिवस' समारोह रखा गया है। जैसलमेर में इस अवसर पर शहर के मुख्य मार्गों से शोभा यात्रा निकाली गई। हनुमानगढ जिले में भी वाल्मीकि मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन हो रहे हैं।

..................

शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' आज जयपुर के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पहुंची। इसमें पांच देशों के 38 पर्यटक पहुंचे हैं। राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से स्टेशन पर इनका पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। ये सैलानी राज्य के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

..................